भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2186
दिनांक 15.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

क्वाड शिखर सम्मेलन, 2024

2186. श्री ए. राजा:

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत ने देश में क्वाड शिखर सम्मेलन, 2024 आयोजित करने की घोषणा की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या शिखर सम्मेलन के लिए किसी कार्यसूची को अंतिम रूप दिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्वाड में विश्व कल्याण, जनकल्याण, समृद्धि और शांति, जलवायु परिवर्तन, ग्रीन-हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने में विकसित देशों की भूमिका आदि के लिए क्या पहलें सुझाई गई हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री. वी. मुरलीधरन)

(क) से (घ) क्वाड नेताओं का अगला शिखर सम्मेलन 2024 में भारत में आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। इसकी तारीखें अभी निर्धारित की जानी हैं।

क्वाड एक स्वतंत्र, मुक्त और समावेशी भारत-प्रशांत बनाए रखने की साझा प्रतिबद्धता वाला एक बहुपक्षीय ढांचा है जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका शामिल हैं।

अगला क्वाड शिखर सम्मेलन भारत-प्रशांत देशों की प्राथमिकता वाले मामलों को उठाने का प्रयास करेगा जो जलवायु, महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों, अवसंरचना एवं कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, मानवीय सहायता एवं आपदा राहत, समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद-रोध और अन्य पहलुओं से संबंधित हैं।

क्वाड अपने सकारात्मक और रचनात्मक एजेंडे के साथ वैश्विक भलाई के लिए एक ताकत बनकर उभरा है। क्वाड की पहलों का उद्देश्य क्षेत्र की विकास संबंधी प्राथमिकताओं को पूरा करना, सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन में तेजी लाना और भारत-प्रशांत क्षेत्र के देशों में सार्वजनिक वस्तुएँ पहुंचाना है।

*****